विधान सभा सचिवालय
मध्य प्रदेश
समाचार

विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने प्रदेशवासियों को दीं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

भोपाल दिनांक 25 जनवरी, 2025

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

श्री तोमर ने कहा कि हमारे देश ने विगत वर्ष 26 नवंबर, 2024 को 75 वां संविधान दिवस मनाया था जो कि संविधान का अमृत काल में प्रवेश, सशक्त एवं समर्थ भारतीय लोकतंत्र का प्रतीक है और 26 जनवरी, 2025 को हमारा देश अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है।उन्होंने कहा कि यह दिवस भारत की लोकतांत्रिक और संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं देश के संविधान को लागू होने तथा भारत को एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करने का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश का सर्वोच्च कानून एवं विधिक ग्रंथ है जिसका हम सभी सम्मान करें तथा संकल्प लें कि संविधान ने हम भारतवासियों को जो अधिकार दिए हैं उनका सदुपयोग अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों के निर्वहन में करें जिससे हमारे देश की एकता और अखंडता सदैव अक्षुण्ण रहे और हमारा देश विकास की दौड़ में निरंतर अग्रणी रहे।

विधानसभा भवन में प्रमुख सचिव करेंगे ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधानसभा प्रांगण में प्रमुख सचिव श्री अवधेश प्रताप सिंह 26 जनवरी को प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे । इस अवसर पर विधानसभा भवन एवं परिसर में आकर्षक रोशनी की साज-सज्जा की गई है।

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव

विस/जसं/ 25